तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

13 संस्कार समर क्लासेस विद्यार्थियों की प्रतिभा ...



14 विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन



## खबर संक्षेप

### लाखागढ़ और बागबाहरा के बीएसएनएल ऑफिस में चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** लाखागढ़ और बागबाहरा के बीएसएनएल ऑफिस में चोरी की घटनाएं हुई हैं। मामले को लेकर पिथौरा और बागबाहरा थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है । पुलिस ने बताया कि लाखागढ़ बीएसएनएल आफिस से 6 मई की रात अज्ञात चोर द्वारा 4 नग कापर, पट्टी, कापर बेल 30 मी. 50 एमएम, तीन नग 4जी बीटीएस केबल 30 मी., पावर केबल 50 एमएम 10 मी., 25 एमएल केबल 20 मीटर 2जीबीटीएस केबल 20 मीटर कीमत करीबन 30000 रुपए के सामानों की चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गयाहै। इसी तरह 7 मई को बीएसएनएल ऑफिस बागबाहरा से 5 नग लिथियम बैटरी किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305 ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम रिसेकला में शराब लोगों को अपने किराना दुकान में शराब पीने की सुविधा देने वाले जयपाल डडसेना के खिलाफ सरायपाली थाने में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में ट्रक ड्राइवर की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 चैनडीपा के पास खड़े ट्रक के पीछे से टकरा जाने से एक अन्य ट्रक के चालक की मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि ट्रक एमएच 21 बीएच 9765 का चालक अपने वाहन को नो पार्किंग जगह पर बिना संकेत दिए लापरवाही पूर्वक खड़ा किया हुआ। जिसके पीछे से बलांगीर ओडिशा से बल्ली (लकड़ी) लोड कर रायपुर की ओर जा रहा ट्रक क्रमांक वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएच 3515 टकरा गया। टक्कर से चालक दिनेश कुमार साहू पिता संतराम साहू (26 साल) परसदा रायपुर थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर की मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 285,106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### विश्व रेडक्रास दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में एवं डॉ राधेश्याम पटेल (प्रभारी, यूथ रेडक्रास सोसायटी) के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस पर कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य द्वारा प्राथमिक चिकित्सा उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी प्रभारी डॉ राधेश्याम पटेल ने रेडक्रॉस के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया।

# अंधड़ व बारिश से नुकसान का डर, कई उपार्जन केंद्रों में तिरपाल के भरोसे

## बदलते मौसम ने समितियों की बढ़ा दी है मुश्किलें, समितियों में छाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी समाप्त होने के चार महीने के बाद भी उपार्जन केंद्रों से शत-प्रतिशत धान का उठाव नहीं हो पाया है। केंद्रों में अभी भी एक लाख 21 हजार क्विंटल धान जाम है। इधर, बदलते मौसम ने समितियों की मुश्किलें बढ़ा दी है।

पिछले कुछ दिनों से मौसम में बदलाव आ रहा है। तेज हवा, अंधड़ के साथ बारिश हो रही है। पहले से ही केंद्रों को सूखत की चिंता सता रही है और अब बारिश से भी नुकसान का डर सता रहा है। जिले में इस वर्ष 110 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। सहकारी समिति संघ के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने बताया कि केंद्रों में कम मात्रा में धान है। जिसका उठाव होना बाकी है। कोमाखान केंद्र में धान का स्टॉक ज्यादा है। इससे समितियों को सूखत की चिंता सता रही है। उन्होंने बताया कि दूर-दराज के केंद्रों में धान शेष है। पिछले दिनों कलेक्टर ने भी धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश जारी किए थे। उसके बाद भी उठाव में तेजी नहीं आई। डीएमओ टिकेंद्र राठौड़ ने बताया कि लगभग उठाव पूर्ण होने की ओर है। बारिश से कोई नुकसान नहीं हुआ है। सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि उपार्जन केंद्रों में बहुत कम धान बाकी है। केंद्रों से जल्द ही शत-प्रतिशत धान का उठाव कर लिया जाएगा।

**उठाव में देरी:** जिले के उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 21 हजार क्विंटल धान जाम, समय पर उठाव नहीं हुआ तो बढ़ेगी दिक्कतअंधड़ व बारिश से नुकसान का डर, कई उपार्जन केंद्रों में तिरपाल के भरोसे धान रखे गए हैं ।

### प्रतिवर्ष होती है देरी

धान का उठाव खरीदी के 72 घंटे के भीतर ही हो जाना चाहिए, लेकिन प्रतिवर्ष उठाव में देरी होती है। सबसे ज्यादा धीमी गति से धान का उठाव कोरोना काल में हुआ था। कोराना काल में सितंबर महीने तक धान उपार्जन केंद्रों में रखा था।



### ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने एक बार फिर से पांच मई को अंधड़, तेज हवा के साथ मौसम विभाग ने आठ मई तक यलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश होने की संभावना जताई है। फड़ों में धान तिरपाल के भरोसे है। तिरपाल के उड़ जाने पर या फट जाने पर धान भीग सकता है। ज्यादातर केंद्रों से धान का उठाव पूर्ण हो चुका है। जिले में 2024-25 में 1 लाख 53 हजार किसानों से 110 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसमें 109 लाख क्विंटल धान का उठाव व परिवहन किया जा चुका है। लगभग एक लाख 21 हजार क्विंटल धान शेष है। जिले की समितियों द्वारा शीघ्र उठाव करने की मांग की जा रही है। जिससे नुकसान न हो।

## शिविर : सुशासन तिहार के दौरान बेमचा में समाधान शिविर के दौरान दी चेतावनी

# कलेक्टर के सामने विधायक सिन्हा ने मबावि अफसर को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाधान शिविर में बेमचा पहुंचे विधायक ने जिले के प्रशासनिक मुखिया के समक्ष एक विभागीय अफसर को फटकार लगाई। विधायक द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं दिए जाने से योगेश्वर राजू सिंहा ने काफी तल्ख लहजे में महिला बाल विकास विभाग के अफसर समीर पांडेय को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह की जानकारी मांगी थी। अफसर ने लाभार्थियों की सूची तो दी, लेकिन आवेदकों के आवेदन पत्र नहीं दिए। यह घटनाक्रम सुशासन तिहार के तहत बेमचा में लगे समाधान शिविर के दौरान घटित हुआ। विधायक ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को इस मामले में हस्तक्षेप के लिए बुलाया। कलेक्टर ने समीर पांडेय को तुरंत आवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्राम बेमचा क्लस्टर में भलेसर, गोपालपुर, कांपा, खैरा, खरोरा, कौदकेरा, लभराखुर्द, लाफिनकला, मचेवा, परसदा(बी), साराडीह, सोरिद, लोहारडीह से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 6430 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 6371 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। सर्वप्रथम विधायक, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया, और उनके विभाग में कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण किया गया उसकी भी जानकारी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे है। मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया गया, ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में नहीं छूटे और सभी को पक्का आवास मिले। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन बैंक खाता, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि सोच के चलते छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर विधायक एवं कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याओं को तन्यमयतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 तारीख तक आवेदन एकत्र किए गए, जबकि द्वितीय चरण में इन्हें पोर्टल पर अपलोड कर विभागों द्वारा निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। इस अवसर पर विधायक, कलेक्टर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर में 06 हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं श्रमिक कार्ड, 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 10 को जॉब कार्ड, 01 को किसान किताब, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 03 अभिनंदन पत्र तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विहान के तहत 07 महिला समूहों को लखपति दीदी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही उद्यानिकी विभाग द्वारा एकता महिला स्व सहायता समूह को पौधों का वितरण किया गया।



## तेंदूपत्ता संग्रहण जोरों पर, 28 समितियों से 35 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त



**पिथौरा।** गर्मी की दस्तक के साथ ही तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य भी रफ्तार पकड़ चुका है। पिथौरा वन परिक्षेत्र की 28 तेंदूपत्ता समितियों के माध्यम से गांव-गांव के ग्रामीण- महिलाएं, किसान और मजदूर अलसुबह से ही जंगलों की ओर रुख कर रहे हैं। जंगलों में जीवन की हलचल देखी जा सकती है, जहां सैकड़ों हाथ अपने श्रम से हरे पत्तों को सोने में बदलने की कोशिश में जुटे हैं।

हालांकि इस बार मौसम संग्राहकों की राह में बाधा बनकर खड़ा है। असमय वर्षा और अनियमित मौसम के चलते पत्तों की गुणवत्ता और मात्रा दोनों पर असर पड़ा है। इसके अलावा, टिकरा भर्री जैसे कई राजस्व क्षेत्रों में आबादी और खेती के विस्तार ने तेंदूपत्ता के प्राकृतिक क्षेत्र को सीमित कर दिया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अब तक कुल लक्ष्य का 35 प्रतिशत संग्रहण पूरा किया जा चुका है, जो ग्रामीणों की मेहनत और संकल्प का प्रमाण है। सावधानी के निर्देशः वन विभाग ने सभी संग्राहकों को चेतावनी जारी की है कि वे सुबह के अंधेरे में जंगल की ओर न जाएं, ताकि हिंसक वन्य प्राणियों से किसी तरह की अनहोनी न हो। तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले परिवारों को प्रति मानक बोरा 55 सौ की दर से भुगतान किया जा रहा है। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बोनस राशि, मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति, और संग्राहकों के लिए बीमा योजना जैसे अनेक लाभ दिए जा रहे हैं। बहरहाल सभी चुनौतियों के बावजूद गांवों में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर उत्साह चरम पर है।

# लाखागढ़ में दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** लाखागढ़ में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में पिथौरा थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को पोमल कोसरिया निवासी लाखागढ़ ने बताया कि 7 मई की शाम 7 बजे इमाम बाडा वार्ड क्रमांक 01 में अपने मोटर सायकल का काम करवा रहा। तभी, सरपंच प्रियरंजन कोसरिया एवं उसके अन्य 04 भाई आशुतोष, किशोर, कैलाश, सोमेश ने मिलकर उसे और तारेंस कोसरिया के साथ मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 191(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के आशुतोष कोसरिया पिथौरा मैं ग्राम लाखागढ में रहता हूं कक्षा दसवी तक पढा हूं खेती किसानी का काम करता हूं दिनांक 07.05.2025 को ग्राम लाखगढ के पोमल कोसरिया, तारेंस कोसरिया द्वारा मुझे अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में एक लिखित पेश करता हूं कार्यवाही किया जाये आवेदक के आवेदन पर अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) BNS का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आवेदन नकल जैल है- प्रति,श्रीमान थाना प्रभारी थाना पिथौरा महासमुंद छ.ग विषय-मारपीट एवं गाली गलौच करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करने बाबत महोदय, निवेदन है कि मैं आशुतोष कोसरिया पिता स्व. महादेव कोसरिया उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं 3 लाखागढ थाना पिथौरा जिला महासमुंद का निवासी हूं कि दिनाक 07.05.2025 को शाम करीबन 06 बजे शीतला मंदिर के पास से पानी टेंकर में पानी भर रहा था तब मैं वहां देखा कि कुछ लोगों के द्वारा पाईप लाईन को तोड दिया गया था जिसको मैं किसी ने तोड दिया है कहकर बोला उसको सुनकर पास में खडे पोमल कोसरिया पिता आनंद कोसरिया एवं तारेंस कोसरिया द्वारा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी कुछ समय बाद गाली गलौच होने के बाद मामला शांत हो गया उसके बाद इमाम बाडा के पास मैं जा रहा था तो ये दोनों मोटर सायकल में खडे थे वहां से गुजरने पर मुझे गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिये है। इस दौरान मेरे भाई प्रियरंजन कोसरिया, सोमेश्वर कोसरिया, किशोर कोसरिया, कैलाश कोसरिया मौके पर पहुंचे और बीच बचाव शांत कराये है। अतः महोदय से निवेदन है कि पोमल कोसरिया एवं तारेंस के विरूद्ध कार्यवाही करने की कृपा करें।

# बिजली पोल की नंबरिंग करेगी पालिका व्यवस्था में आएगी सुधारः नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर नगर में पहली बार बिजली के पोलों की नंबरिंग शुरू की जाएगी। नगर पालिका द्वारा हर पोल पर नंबर अंकित किया जाएगा। जिससे खराबी की स्थिति में पहचान और मरम्मत में आसानी होगी। इसकी शुरुआत वार्ड क्रमांक 1 से होगी और वार्ड क्रमांक 30 में संपन्न होगी। इससे पोल या स्ट्रीट लाइट में खराबी होने पर मरम्मत या मेंटेनेंस में आसानी होगी। दरअसल, कई बार पोल या लाइट में खराबी होने पर संबंधित इलाके में पोल या स्थल खोजने में परेशानी होती है। इससे समस्या के समाधान में अधिक समय लगता है और लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। पोल का नंबर रहने पर आसानी से पहचान हो सकेगी। अध्यक्ष ने कहा कि इस व्यवस्था से प्रबंधन व मेंटेनेंस सिस्टम अधिक प्रभावी होगा। निगरानी व्यवस्था में भी सुधार होगी। इसके अलावा पालिका क्षेत्र के अंतर्गत चालू स्ट्रीट लाइटों का भी सर्वे किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी लाइट सुचारू रुप से काम करे। इस संबंध में आज नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने विधुत प्रभारी को निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है इसके लिए जोनल टीम गठित कर टीम को रात में नगर के सभी वार्डों में भ्रमण पर भेजें। ताकि खराब स्ट्रीट लाइटों को चिन्हित किया जा सके। साथ ही खराब स्ट्रीट लाइटों की जियो टैगिंग कर दूसरे दिन लाइट दुरूस्त करने वाली टीम को सूचित किया जाये।

## आबकारी विभाग द्वारा भी नहीं की जा रही कार्रवाई, कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद

# शहर में शराब की खुलेआम अवैध बिक्री जारी, विभाग बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर के प्रायः सभी वार्डों में खुलेआम अवैध शराब बेचे जाने की ख़बर है। खुले आम अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा भी किसी भी प्रकार से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अवैध शराब बिक्री को लेकर कार्रवाई नहीं होने से अवैध शराब बेचने वालों के हौसले बुलंद हैं।

अवैध शराब बिक्री से बसना शहर का माहौल खराब हो रहा है। अवैध शराब बिक्री से आये दिन मार-पीट, लड़ाई-झगड़ा, चोरी, गुंडागर्दी, दुर्घटनाएं आम हो गई है। आज युवा पीढ़ी शराब के आदी होते जा रहे हैं। घर-घर में अवैध शराब को लेकर कलह का वातावरण बना हुआ है। शराब पीने के आदी अपने घर में रखे जेवर गहने यहां तक बर्तन को बेचने मजबूर हैं। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है शासन प्रशासन, अवैध शराब बिक्री करने वाले या स्वयं शराब पीने वाले ? बसना शहर के जगदीशपुर रोड पर एक होटल में अवैध महुआ शराब बिक्री धड़ल्ले से जा रही है। शासन प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद भी अनजान बनी हुई है। रानी दुर्गावती वार्ड वार्ड नंबर 11 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पास एक व्यक्ति द्वारा च्वाईस सेंटर की आड़ में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।

### अवैध शराब बिक्री को रोकने में कोई दिलचस्पी नही

बता दें कि बसना सरस्वती शिशु मंदिर से लगा हुआ दशहरा मैदान शहर का हृदय स्थल है, जहां पर क्रिकेट, फुटबाल का खेल नियमित होता रहता है। आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध शराब बिक्री को रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।



अवैध शराब की बिक्री से शहर का माहौल खराब हो रहा है। फोकट पारा तालाब मेड़ के किनारे अवैध शराब बिक्री जोरों पर है। उल्लेखनीय है कि बसना शहर के पदमपुर रोड में तालाब के पास रानी दुर्गावती वार्ड (फोकट पारा) वार्ड नंबर 11 तालाब के किनारे एक व्यक्ति च्वाईस सेंटर, किराना दुकान के आड़ पर अवैध शराब बिक्री खुले आम कर रहा है।

### अवैध शराब बिक्री का अड्डा खुले आम चल रहा

एक तरफ सरस्वती शिशु मंदिर, दूसरी तरफ कबीर चबूतरा, तीसरी ओर नवनिर्मित महादेव मंदिर और बीच में अवैध शराब बिक्री का अड्डा खुले आम चल रहा है। आबकारी विभाग को जानकारी होने के बावजूद अनजान बनी हुई है। विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी निंद्रा में सोये हुए हैं। आखिर आबकारी विभाग व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को खबर होने के बावजूद कार्रवाई किये जाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं ऐसा क्यों ? छत्तीसगढ़ में महंगाई चरम सीमा पर है। छोटे व्यापारी, मजदूर वर्ग प्रतिदिन कमाने खाने वाले लोग आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। काम धंधा चौपट हो गया है ऐसी परिस्थिति में अवैध शराब की बिक्री से स्थिति और भी दयनीय हो गयी है। संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से कार्रवाई नहीं किये जाने से इनका हौसला बुलंद होता जा रहा है। गौरतलब है कि अवैध शराब की बिक्री बसना शहर में जगह जगह हो रही है। क्या संबंधित विभाग को इसकी जानकारी नहीं है ? अगर है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। आम जनता महंगाई की मार से आर्थिक, मानसिक, शारीरिक रूप से परेशान है। ऐसे समय में अवैध शराब की बिक्री से आम जनता की कमर तोड़ दी है। अवैध शराब की बिक्री को अंकुश लगाने शासन प्रशासन को कड़े कदम उठाना चाहिये ताकि इस भीषण समस्या से निजात मिल सके।

# जंगली सुअर के हमले में दो महिलाएं घायल, सहायता राशि प्रदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

स्थानीय वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांकरा परिवृत के माटीदरहा परिसर में तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान दो महिला श्रमिकों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। यह घटना मोहगांव की लघु वनोपज समिति के अंतर्गत ग्राम बगारदरहा से लगे कक्ष क्रमांक 290 में सुबह लगभग 6 बजे घटी। हमले में घायल महिलाओं की पहचान देवना बाई साव, पति जोगीराम साव एवं वृंदावती चौहान, पति शेषदेव- दोनों निवासी ग्राम बगारदरहा के रूप में की गई है। हमले के बाद दोनों महिलाओं को प्राथमिक उपचार के लिए ग्राम बगारदरहा में ही स्थानीय चिकित्सक से इलाज कराया गया। वन विभाग द्वारा प्रत्येक पीड़ित महिला को तात्कालिक सहायता स्वरूप 5 सौ की राशि प्रदान की गई है।

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से मांगी रिश्वत, तीन पर एफआईआर दर्ज, सेवा से पृथक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े तीन संविदा कर्मियों द्वारा हितग्राहियों से रिश्वत मांगने एवं डरा-धमकाकर वसूली करने की पुष्टि के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की गई है। संविदा कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर, उन पर एफआईआर दर्ज की गई है। घटना की जानकारी एक वायरल ऑडियो क्लिप के माध्यम से सामने आई, जिसमें ग्राम पंचायत ऐरमशाही की आवास मित्र नीरा साहू द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करने के एवज में 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगने की बात सामने आई। तहसीलदार की जांच में नीरा साहू ने स्वयं ऑडियो में अपनी आवाज होने की बात स्वीकार की। प्रकरण में नारायण साहू, जो ग्राम पंचायत तेंदुआ में रोजगार सहायक है, द्वारा हितग्राहियों को धमकाते हुए 10 हजार रुपये की मांग किए जाने के प्रमाण मिले। वहीं उसकी पत्नी ईश्वरी साहू, जो ग्राम पंचायत ऐरमशाही में रोजगार सहायक के रूप में पदस्थ थी, उन पर भी हितग्राहियों से डराकर पैसे मांगने के गंभीर आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर की गई कार्रवाई

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

### सेवा से पृथक, एफआईआर दर्ज

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नवागढ़ की लिखित रिपोर्ट तथा नांदघाट थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर तीनों दोषियों नीरा साहू, नारायण साहू और ईश्वरी साहू को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है। यह आदेश कलेक्टर बेमेतरा के अनुमोदन से जारी किया गया। इस मामले में नांदघाट थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 308(2) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर प्रकरण की विधिवत विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

### कार्रवाई सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस कार्रवाई को सुशासन तिहार के मूल उद्देश्य का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी आमजन के अधिकारों का दुरुपयोग न करे और यदि करता है, तो उसे तत्काल विधिसम्मत कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार के खिलाफ यह सिर्फ कार्रवाई नहीं, सुशासन का संकल्प है।

## पहलगाम में सुहाग खोने वाली बहनों को साय ने समर्पित की पंक्तियां, कहा–

# अब सुनो हमारा गर्जन, अपनी अंतिम सांस में...

### रमन सिंह बोले ये नया भारत है, आतंक सहने को तैयार नहीं



पहलगाम आतंकी हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर से लिया है। हमले में 105 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। भारत सरकार की ओर से भी हमले की आधिकारिक पुष्टि कर दी गई है। मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर जवानों की सराहना की और कहा, भारतीय सेना अब आतंकियों और उनके ठिकानों को उजाड़ने प्रतिबद्ध है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 9 आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। यह सीधा संदेश है, यह नया भारत है। नया भारत आतंक सहने को तैयार नहीं है। आतंकियों से निपटने के लिए हमारी सेना की पूरी तैयारी है।

#### मसूद को अब समझ आएगा परिवार के न रहने की पीड़ा

एयरस्ट्राइक में मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग मारे गए हैं। आतंकी मसूद अजहर ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि दिल करता है कि काश मैं भी इस हमले में मर जाता। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने कहा कि अब आतंकी मसूद को समझ आएगा कि परिवार के न रहने की पीड़ा क्या होती है।

#### नक्सलवाद-आतंकवाद दोनों नासूर

इधर छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ी पर सबसे बड़े नक्सली ऑपरेशन में जवानों ने 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया। डॉ. रमन सिंह ने एंटी नक्सल ऑपरेशन में सफलता पर तीनों राज्यों की पुलिस और जवानों को बधाई दी। देश के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद दोनों नासूर हैं।

#### देश की अस्मिता और सुरक्षा में खलल डालने वालों का अंजाम यही होगा

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने ऑपरेशन को लेकर कहा, भारत किसी से कम नहीं है, लेकिन अगर कोई भारत की अस्मिता और सुरक्षा में खलल डालने की कोशिश करेगा, तो उसका अंजाम ऐसा ही होगा। जिस दिन कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, उसी दिन राहुल गांधी ने कहा था कि हम भारत सरकार के साथ हैं। आज भारत ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ कदम उठाया है। जहां देश की बात है, राजनीति से उठकर एक साथ खड़े हैं।



### शर्मा बोले- चुन चुन कर बदला लिया जाएगा, बैज ने कहा- आतंक के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने देर रात पकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयरस्ट्राइक किया है। इस ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' दिया गया है, जिसके तहत 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया है, जो सफल रहा। भारत के इस एक्शन के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री से लेकर कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा "हर हर महादेव, वंदे मातरम्। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। आतंकियों की गोलियों ने 26 आम परिवारों को मातम में डुबो दिया। धर्म और नाम पूछकर निर्दोष लोगों पर गोली चलाई गई। इस दिल दहला देने वाली घटना को 15 दिन बीत चुके हैं और पूरे देश को मोदी सरकार की ओर से कड़ी कार्रवाई का इंतजार था। आखिरकार, देर रात भारत ने एयरस्ट्राइक के जरिए पाकिस्तान में आतंक के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। ऑपरेशन में पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। पूरे देश में इसके बाद राहत की सांस ली गई और लोग भारत के एक्शन के बाद अब जश्न मना रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा किया है।

### ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिखा

लिख चुके हैं फिर लिखेंगे बार-बार इतिहास में
होंगे शत्रु सदा विफल हमसे द्वंद्व के प्रयास में
तुमने कहा "मोदी को बोलो" मृत्यु के उपहास में
अब सुनो हमारा गर्जन अपनी अंतिम सांस में

गौरवान्वित और भावुक महसूस करते हुए यह पंक्तियां पहलगाम की हर बहन को समर्पित कर रहा हूं।





### चुन-चुन बदला लिया जाएगा



वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो जारी करते हुए लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर, चुन चुन कर बदला लिया जाएगा।

### भारत बदला लेना जानता है



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भारत बदला लेना जानता है। उन्होंने कहा, जिन बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, जिन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, उनका बदला ले लिया गया है। भारत माता की जय! जय भारत की सेना!

### देशवासियों को सुकून और ठंडकता का अनुभव हो रहा : नेताम



मंत्री राम विचार नेताम ने ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर कहा, आतंकियों ने न जाने कितनी बहनों के सिंदूर उजाड़े और पूरे देश का खून बदले के लिए खौल रहा था। आज जब सेना ने जवाब दिया है, तो देशवासियों को सुकून और ठंडकता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा, जवानों ने अपनी वीरता का परिचय दिया है, उन्हें प्रणाम है।

### आतंकवाद को कब्र में पहुंचाने तक ये ऑपरेशन जारी रहेगा : तोखन

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया गया। आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया गया। आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला हुआ है। यही नया भारत है, मोदी सरकार का भारत है। जो कहते हैं, वो करते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' हर एक के सिन्दूर का बदला है। आतंकवाद को कब्र में पहुंचाने तक ये ऑपरेशन जारी रहेगा। एक तरफ देश में आतंकियों से लड़ाई जारी है, तो वहीं प्रदेश में भी नक्सलियों से आरपार की लड़ाई चल रही





### पूरा देश वीर जवानों के साथ



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया पर लिखा, इंडियन आर्मी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंक के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया है। पूरा देश भारत के वीर जवानों के साथ खड़ा है। जय हिंद!

### भारतीय सेना के पराक्रम के लिए देशवासी रहेंगे सदैव आभारी

पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को लक्ष्य करके किए गए हमलों को प्रशंसनीय कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा, देशवासी भारतीय सेना के पराक्रम के लिए सदैव उसके आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा, आतंकी ठिकानों पर हमला पहलगाम में जान गंवाने वाले 26 बेकसूर नागरिकों को न्याय दिलाने किया गया है, इससे उन लोगों को भी न्याय मिलेगा जो पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद के कारण पीड़ित रहे हैं। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान को सबक मिलेगा। उन्होंने पहलगाम हमले में प्राण गंवाने वाले 26 नागरिकों को शहीद का दर्जा देने की अपनी मांग दोहराई है।



### हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि- सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी ट्विट कर भारतीय सेना के रुख का समर्थन किया। उन्होंने लिखा, भारत ने पाकिस्तान और पीओके से आने वाले आतंकवाद के खिलाफ अडिग और निर्णायक रुख अपनाया है। राष्ट्रीय हित से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सरकार और सशस्त्र बलों को हर आवश्यक और सख़्त कदम उठाने में पूरा समर्थन दिया है। यह एकता और एकजुटता का समय है। उन्होंने भारतीय जवानों की बहादुरी और संकल्प को नमन करते हुए कहा, हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है।



### पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने भारतीय सेना के साहसिक ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, पहलगाम की दर्दनाक घटना के बाद देश की जनता का मनोबल बढ़ाने और आतंक के खिलाफ सख़्त संदेश देने यह सटीक और साहसिक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' अभिनंदनीय है।



## खबर संक्षेप



### रविन्द्रनाथ टैगोर को किया याद

रायपुर। गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर को राजधानी वासियों ने याद किया। उनके 164 वीं जयंती पर नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से टैगोर नगर चौक पर प्रतिमा के सामने आदरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की गुरूदेव को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया।

इस कार्यक्रम में दक्षिण विधायक सुनील सोनी, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, सचिन मेघानी, वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा सहित गणमान्य जन शामिल हुये।

### बुद्ध पूर्णिमा पर मांस-मटन विक्रय प्रतिबंधित

रायपुर। 12 मई को राजधानी में बुद्ध जयंती के अवसर पर मांस - मटन का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से निगम सीमा क्षेत्र स्थित पशुवध गृह और सभी मांस-मटन विक्रय की दुकानों को इस दिन बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि 12 मई को सभी जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वच्छता निरीक्षक मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का पालन कराने संबंधित क्षेत्र की मानिटरिंग करेंगे।

## नवा रायपुर में जनजातीय संग्रहालय बनकर तैयार

# सीएम साय 14 को करेंगे लोकार्पण

9 करोड़ की लागत से हुआ है तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में जनजातीय संग्रहालय लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हो गया है, इस सग्रहालय में जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इस संग्रहालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 मई को करेंगे।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि संग्रहालय में डिजिटल एवं एआई तकनीक के माध्यम से जनजातीय संस्कृति का भी प्रदर्शन होगा। उन्होंने आज संग्रहालय के शुभारंभ को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। यह संग्रहालय नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में बनाया गया है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने अधिकारियों को संग्रहालय के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों नवनियुक्त छात्रावास अधीक्षक को नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी प्रदान करने साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय के जेईई मेंस 2025 में क्वालिफाई करने वाले छात्रों का सम्मान कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ जनजातीय संग्रहालय व्यस्थित रूप से रख-रखाव और यह आने वाले आगंतुकों के लिए आवश्यक व्यवस्था के संबंध में भी विचार-विमर्श किया। बैठक में आयुक्त डॉ सारांश मित्तर, टीआरटीआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, उप सचिव बीएस राजपुत सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि विभागीय मंत्री रामविचार नेताम 01 मई को इस संग्रहालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

### 14 गैलरियों में दिखेगी जनजातीय संस्कृति

*जनजातीय संग्रहालय में कुल 14 गैलरियां हैं, जिनमें जनजातीय जीवनशैली के सभी पहलुओं का बहुत ही खूबसूरत ढ़ंग से जीवंत प्रदर्शन किया गया है। इनमें जनजातियों के भौगोलिक विवरण, तीज-त्यौहार, पर्व-महोत्सव तथा विशिष्ट संस्कृति, आवास एवं घरेलू उपकरण, शिकार उपकरण, वस्त्र (परिधान) एवं आभूषण, कृषि तकनीक एवं उपकरणों, जनजातीय नृत्य, जनजातीय वाद्ययंत्रों, आग जलाने, लौह निर्माण, रस्सी निर्माण, फसल मिंजाई (पौधों से बीज अलग करना), कत्था निर्माण, चिवड़ा-लाई निर्माण, मंद आसवन, अन्न कुटाई व पिसाई, तेल प्रसंस्करण हेतु उपयोग में लाने जाने वाले उपकरणों व परंपरागत तकनीकों, सांस्कृतिक विरासत के अंतर्गत अबुझमाड़िया में गोटुल, भुंजिया जनजाति में लाल बंगला इत्यादि, जनजातीय में परम्परागत कला कौशल जैसे बांसकला, काष्ठकला, चित्रकारी, गोदनाकला, शिल्पकला आदि का एवं अंतिम गैलरी में विषेष रूप से कमजोर जनजाति समूह यथा अबूझमाड़िया, बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर एवं राज्य शासन द्वारा मान्य भुंजिया एवं पण्डो के विशेषीकृत पहलुओं का प्रदर्शन किया गया है।*

# नगरीय निकायों ने जमा नहीं कराया 21.86 करोड़ का उपकर, 31 मार्च तक करना था अदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम के तहत नगरीय निकाय क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण पर भूमि की लागत को छोड़कर कुल राशि का एक प्रतिशत हिस्सा उपकर के रूप में श्रम विभाग को जमा कराने का प्रावधान है, लेकिन छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने इस साल की उपकर की बकाया राशि 21.86 करोड़ रुपए अब तक अदा नहीं की है। इस मामले में अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी निकायों को यह राशि तुरंत अदा करने कहा है।



### जारी किया आदेश

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त,सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को आदेश जारी कर बकाया उपकर की राशि अदा करने का है। विभाग ने निकायों को यह ब्योरा भी भेजा कि किस निकाय की कितनी राशि श्रम विभाग को दी जानी है।

### 31 मार्च तक जमा कराना था उपकर

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम के तहत यह प्रावधान है कि निकाय क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण एवं अनुज्ञा स्वीकृति के बाद जमीन की लागत को छोड़कर निर्माण की कुल राशि का एक प्रतिशत हिस्सा उपकर के लिए वसूला जाता है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी है कि उपकर के रूप में काटी गई राशि 30 दिन के अंदर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में जमा कराई जाए। अगर यह राशि समय पर नहीं अदा की गई तो 2 प्रतिशत मासिक तथा वार्षिक 24 प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा। लेकिन निकायों ने कुल मिलाकर निर्माण संबंधी परियोजनाओं में राशि 21.86 करोड़ रुपए मंडल में जमा नहीं कराए हैं। इस संबंध में मंडल ने निकायों के अवगत कराया था कि 31 मार्च तक यह राशि पेमेंट गेटवे सिस्टम के माध्यम से देनी है।

### आरडी तिवारी स्कूल में विभिन्न कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आमापारा स्थित पंडित आर.डी. तिवारी उच्चतर माध्यमिक शाला में विभिन्न कार्यों के लिए एक करोड़ 60 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद संचालनालय द्वारा अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की गई है।

इस राशि से स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, रंगाई, पोताई, वाशरूमों की मरम्मत, सेप्टिक टैंक निर्माण, पाइपलाइन की मरम्मत, खेल मैदान का विकास, फॉल्स-सीलिंग मरम्मत सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

## नई तारीख की घोषणा हालात सामान्य होने पर होगी

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली स्थगित, पायलट का दौरा भी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह रैली गुरुवार को बिलासपुर में आयोजित होने वाली थी, जिसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट भी शिरकत करने वाले थे। पार्टी सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि देश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मौजूदा हालातों के मद्देनज़र कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। रैली की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री उमेश पटेल को सौंपी गई थी, जो बिलासपुर से इसकी शुरुआत करने वाले थे,



इसके बाद इसे सभी जिलों में आयोजित करने की योजना थी। पार्टी के अनुसार, यह निर्णय कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर लिया गया था, जिसे अब अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा हालात सामान्य होने पर की जाएगी।

### जातीय जनगणना पर कांग्रेस की वैचारिक जीत

प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जातीय जनगणना को लेकर अचानक बदला गया रुख एक 'राजनीतिक यू-टर्न' है। पार्टी का आरोप है कि जो भाजपा नेता पहले जातीय जनगणना को देश तोड़ने की साजिश कहते थे, वही अब इसे 'मास्टरस्ट्रोक' बता रहे हैं। कांग्रेस ने इसे अपनी वैचारिक जीत मानते हुए 'विजय सभा' के रूप में संविधान बचाओ रैली आयोजित करने का फैसला लिया था।

**खबर संक्षेप**

### ऑपरेशन सिंदूर, सिविल सोसायटी ने माना अभार

**रायपुर।** जन भावना का आदर करते हुए पहलगाम आंतकी हमले के बदले चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना है। सोसायटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ को पत्र लिखकर कहा है कि जल्दी ही आम जनता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। सिविल सोसायटी के डाक्टर एवं अन्य सदस्य किसी भी आपदा में कहीं भी, कभी भी सेवा देने हेतु हमेशा तत्पर है।

### 'एप्सो' आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में सरकार के साथ

**रायपुर।** अखिल भारतीय शांति एवं एकता संगठन की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई ने आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को निशाना बनाकर किए गए सैन्य अभियान का समर्थन किया है। उनके द्वारा भारतीय नागरिकों के जीवन को खतरे में डालने वाले खतरों को बेअसर करने में भारतीय सैन्य बलों की व्यावसायिकता और सटीकता की सराहना करती है। एप्सो राज्य इकाई के सचिव अरुण कान्त शुक्ला ने कहा कि एप्सो हमेशा से कहता आया है कि दक्षिण एशिया में शांति का दीर्घकालिक समाधान संघर्ष के मूल कारणों को संबोधित करने में निहित है। आतंकी शिविरों का विनाश हिंसा की ताकतों के लिए एक झटका है।

### अधर्म में रुचि होने से होता है दुख : इंदुभवानंद



**रायपुर।** विधानसभा आवासीय परिसर जीरो पॉइंट में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पूज्य यतिप्रवर 1008 डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि अधर्म में रुचि होने से दुख की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत के विदुर मैत्रेय संवाद को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि, मनुष्य जब दुखी होता है तब घबराता है, लेकिन उसे घबराना तो तब चाहिए जब वह दुखजनक काम करता है। चोरी करते समय तो मनुष्य घबराते नहीं है, जब सजा मिलती है, तब घबराता है, इसलिए दुख से बचने का उपाय दुखजनक कर्मों का परित्याग ही है, जब तक आप दुख जनक कर्मों का पर त्याग नहीं करेंगे, तब तक आप कदापि सुखी नहीं रह सकते है। कथा के पूर्व शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने बेदी पूजन संपन्न कराया तथा यजमान प्रभाकर मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी सुलोचना मिश्रा ने पोथी का पूजन कर आरती की। उन्होंने कहा कि वास्तव में सुख दुख मन का धर्म है, मन के प्रसन्न रहने से सुख की प्राप्ति होती है और मन के दुखी रहने से दुख की प्राप्ति होती है। सुख दुख किसी भी वस्तु से नहीं मिलता है।

# आरंग-नवा रायपुर के पंजीयन कार्यालय में नया सिस्टम दे रहा राहत, रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग और नवा रायपुर के पंजीयन कार्यालय में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 10 नई सुविधाओं का सिस्टम शुरू किया जाना है। इन नई सुविधाओं में फिलहाल नामातंरण की सुविधा शुरू की गई है, जिसके तहत अब रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण भी होने लगे हैं।

इस सुविधा के शुरू होने से लोगों को अब पटवारी एवं तहसीलदार के दफ्तर का चक्कर काटना भी बंद हो गया है। रजिस्ट्री होते ही क्रेता के नाम पर सारे दस्तावेज ऑनलाइन चढ़ रहे हैं। इससे पहले रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया तहसील कार्यालय से होती थी, जिसमें कई हफ्ते-महीने तक लग जाते थे।

### बटांकन के साथ रजिस्ट्री

आरंग और नवारायपुर में नए सिस्टम के तहत अब बटांकन के साथ भी रजिस्ट्री और फिर नामांतरण होने लगे हैं। विभागीय अधिकारी के अनुसार नए सिस्टम में भूइया पोर्टल भी अटैच है, जिसमें बटांकन का ऑप्शन भी है। इस तरह एक खसरा नंबर की भूमि का बटांकन के साथ भी रजिस्ट्रियां हो रही है, जिससे लोगों को अब अलग से बटांकन कराने की भी जरूरत नहीं है, क्योंकि बटांकन भी आवेदन के अनुसार ऑटोमेटिक हो रहा है।

### तीन दिन में 60 से अधिक रजिस्ट्रियां




**रजिस्ट्री के साथ नामांतरण भी हो रहे**

पायलट प्रोजेक्ट के रुप में जिले के आरंग और नवारायपुर पंजीयन कार्यालय में नामांतरण की सुविधा शुरू की गई है। अब तक दोनों पंजीयन कार्यालयों में 60 से अधिक रजिस्ट्रियां हुई है, जिनके नामांतरण भी हो चुके है।

- **विनोज कोचे,** मुख्य पंजीयक रायपुर

### तीन दिन में 60 से अधिक रजिस्ट्री, सभी के नामांतरण भी हुए

आरंग और नवा रायपुर के पंजीयन कार्यालय में नामांतरण करने की सुविधा 5 तारीख से शुरू की गई है। इन तीन दिनों में इन दोनों पंजीयन कार्यालय में 60 से अधिक रजिस्ट्री हो चुकी हैं। इनमें आरंग में 52 एवं नवा रायपुर में 14 रजिस्ट्री हुई है। रजिस्ट्री होने के तुरंत बाद सभी के नामांतरण भी हो गए। इस तरह जिसके नाम पर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हुई है, उसका रिकार्ड भी ऑनलाइन चढ़ गया है।

## उच्च प्राथमिक क्षेत्र का पर्यावरण संरक्षण-प्रदूषण नियंत्रण करने दो साल में एक भी कार्य को मंजूरी नहीं

# डीएमएफ फंड का दुरुपयोग, दो क्षेत्रों में ही खर्च कर दी 85 प्रतिशत राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर भारत सरकार द्वारा कई तरह के जागरूकता अभियान से लेकर विभिन्न योजना अंतर्गत कार्य किए जाते हैं। इन्हीं योजना में से एक प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) भी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक तथा आर्थिक प्रभाव को कम करना है, ताकि उस क्षेत्र के लोगों के लिए लंबे समय तक रोजगार भी मिल सके। गौर करने वाली बात यह है कि इस योजना के तहत जरूर खनन प्रभावित क्षेत्र को तथा वहां रहने वाले लोगों को लाभान्वित करना है, लेकिन पिछले करीब दो साल से इस योजना के तहत रायपुर जिले में एक भी ऐसे कार्य को मंजूरी नहीं दी गई है, जिससे खनिज प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण को संरक्षण या फिर प्रदूषण को नियंत्रण किया जा सके।

### अफसरों की मनमानी, दो क्षेत्रों से संबंधित कार्यों पर ही खर्च कर दी 85 फीसदी राशि

पीएमकेकेके योजना के लिए जारी डीएफएम फंड की राशि का उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अलावा अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से संबंधित कार्यों पर भी खर्च करना था, लेकिन विभागीय अफसरों की मनमानी के चलते सिर्फ दो क्षेत्र शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित कार्यों पर ही 85 प्रतिशत राशि को स्वीकृति दे दी गई। इसमें स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र से संबंधित 24 कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

### मद का 70 प्रतिशत राशि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में किया जाना है व्यय

भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के लिए जारी होने वाली डीएमएफ मद की कुल राशि का 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, कौशल विकास और स्वच्छता में किया जाना है, वहीं बाकी 30 प्रतिशत राशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में जैसे भौतिक अवसंरचना, सिंचाई, कृषि एवं अन्य संबंधित गतिविधियां, वृद्ध-निशक्त जन के कल्याण, ऊर्जा और वाटरशेड विकास, उप नियम-2 से संबंधित कार्य आदि में किया जाना है, लेकिन इस योजना में इस गाइड लाइन का भी जमकर उल्लंघन किया गया है।

### अब तक सेक्टरवार स्वीकृत कार्य-राशि एवं अपूर्ण कार्य का विवरण

| क्षेत्र | स्वीकृत कार्य | राशि लाख में | अपूर्ण कार्य |
|---|---|---|---|
| पेयजल | 76 | 251.86 | 28 |
| पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण | 80 | 627.76 | 8 |
| स्वास्थ्य देखभाल | 151 | 3022.05 | 38 |
| शिक्षा | 740 | 10391.81 | 183 |
| महिला एवं बाल कल्याण | 79 | 971.24 | 9 |
| कृषि एवं अन्य संबंध गतिविधियां | 93 | 1402.64 | 25 |
| वृद्ध और निःशक्तजन के कल्याण | 2 | 16.20 | 1 |
| कौशल विकास एवं रोजगार | 31 | 598.59 | 12 |
| स्वच्छता | 25 | 360.59 | 4 |

### इन क्षेत्रों में एक भी कार्य स्वीकृत नहीं

पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, पेयजल आपूर्ति, वृद्ध और निःशक्त जन के कल्याण, जनकल्याण, सतत जीवीकोपार्जन, उप नियम-2 से संबंधित कार्य। इन क्षेत्रों के लिए एक भी कार्य को स्वीकृति नहीं दी गई है, जबकि इन क्षेत्रों में कई उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र भी शामिल है।

### अब तक 1282 कार्य स्वीकृत, इनमें 308 अधूरे

इस परियोजना के आरंभ से लेकर अब तक जिले में कुल 1282 कार्यों को स्वीकृति दी गई हैं। इनमें भी सर्वाधिक 740 कार्य शिक्षा क्षेत्र के लिए स्वीकृत किए गए हैं। कुल स्वीकृत कार्यों के लिए 18039.9452 लाख रुपए को स्वीकृति दी गई थी। इनमें से 974 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहीं अब तक 14827.9299 लाख रुपए की राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। हालांकि अभी तक स्वीकृत कार्यों में 308 अधूरे हैं। विभाग के अधिकारी इन कार्यों को प्रगतिरत बता रहे हैं।

## संकल्प नाम का कोई भी नक्सल ऑपरेशन छत्तीसगढ़ में नहीं : शर्मा



**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि विभिन्न समाचार माध्यमों में आज जो प्रकाशित समाचार है जिसमें यह कहा गया है कि बीजापुर के और तेलंगाना के जो बॉर्डर एरिया है, उन बॉर्डर एरिया में कोई संकल्प नाम का अभियान चलाया गया और संकल्प नाम का अभियान पूर्ण हो गया है। इस अभियान में 22 नक्सली मारे गए हैं इस तरह की खबरें सामने आई है। उन्होंने कहा कि संकल्प नाम का कोई भी अभियान छत्तीसगढ़ की पुलिस अथवा संयुक्त टीम द्वारा नहीं चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से होने वाली बाकी बातों की जानकारी भी गलत है। इसमें जो 22 का आंकड़ा दिया गया है यह आंकड़ा भी उचित नहीं है। इस आंकड़े से पृथक भी बहुत सारी बातें हैं और इस आंकड़े से पृथक भी आंकड़ा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस बात को बड़ी स्पष्टता के साथ में ध्यान रखे, मैं इसका खंडन करता हूं कि संकल्प नाम का कोई अभियान है और जो आंकड़ा दिया गया है। अनुचित आंकड़ा है।

### ऑपरेशन की देंगे जानकारी

उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि नक्सली उन्मूलन के लिए छत्तीसगढ़ में अनेक आपरेशन चल रहे हैं तो यह भी एक ऑपरेशन चल रहा है और जब भी ऑपरेशन पूर्ण हो जाएगा, जिसका संचालन विभिन्न हमारे सिक्योरिटी फोर्स जिसमें एसटीएफ है या डीआरजी है, बस्तर फाइटर है, सीआरपीएफ है और कोबरा बटालियन है। यह सारे लोग मिलकर कर रहे हैं। इसकी पूर्णता पर इसकी पूरी जानकारी दी जाएगी।

## चिकित्सा विशेषज्ञों की बांड पोस्टिंग नियम में संशोधन की डिमांड रमन सिंह से मिले डॉक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा विशेषज्ञों की बांड पोस्टिंग नियम में संशोधन के लिए डाक्टरों ने विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात की है। उन्होंने अपनी अन्य पुरानी लंबित मांगों को पूरा कराने उनसे हस्तक्षेप करने की डिमांड भी की। सीजीडीएफ के डॉ. हीरा सिंह लोधी, डॉ. गंधर्व पांडे, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. शिवम पांडे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा विशेषज्ञों की बांड पोस्टिंग विशेषज्ञता के अनुरूप जिला अस्पतालों और मेडिकल कालेज में की जाए। इसके अलावा बांड के लिए 25 से 50 लाख की संपत्ति गिरवी रखने की शर्त समाप्त करने की मांग की, जिससे मध्य वर्गीय छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़े। साथ ही बांड अवधि में संशोधन कर 2-2 साल के बजाए 1-1 वर्ष की जाए। जनवरी 2025 में पीजी की परीक्षा पास कर चुके डाक्टरों की शीघ्र बांड पोस्टिंग की जाए। साथ ही सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का अलग कैडर तैयार किया जाए, जिससे जन स्वास्थ्य सुदृढ़ हो सके।

■ अन्य लंबित मांगों पर भी हस्तक्षेप करने की डिमांड



## उच्च स्तरीय छानबीन समिति की बैठक एक ही दिन में 16 प्रकरणों पर निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय छानबीन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जाति प्रमाणपत्र, की शिकायत एवं जांच के लिए 16 प्रकरण रखे गए थे। इनमें 11 प्रकरण पर सुनवाई के लिए एवं 5 प्रकरण विचार विमर्श के लिए रखा गया था। इनमें से 6 प्रकरणों में विजीलेंस जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं संबंधित पक्ष द्वारा समक्ष बयान के बाद पात्र पाए जाने पर उनके जाति प्रमाण पत्र को मान्यता देने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में सुनवाई के लिए रखे गए 11 प्रकरणों में से 4 प्रकरणों में विजीलेंस के जांच प्रतिवेदन एवं संबंधितों के समक्ष प्रस्तुतीकरण व बार-बार सुनवाई के लिए अवसर प्रदान करने के बाद भी उपस्थित नही होने पर इन प्रकरणों को खारिज कर दिया गया है। सुनवाई के लिए एक प्रकरण में विजीलेंस जांच प्रतिवेदन नहीं होने पर विजीलेंस टीम को जांच करने के निर्देश दिए गए है तथा शेष अन्य प्रकरणों को सुनवाई हेतु संबंधितों को उपस्थित होने एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

■ 4 प्रकरणों पर जाति प्रमाणपत्र होगा अमान्य

बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त डॉ सारांश मित्तर, आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, संचालक भू-अभिलेख वितिन नंदनवार, संचालक लोक शिक्षण ऋतुराज रघुवंशी, अनुसंधान अधिकारी रमा उइके, डॉ अनिल विरूलकर सहित विजीलेंस टीम के गायत्री नेताम, जितेन्द्र गुप्ता, अंजनी भगत, ईश्वर साहू, जयभगत पटेल उपस्थित थे।

## अवैध निर्माण राजीनामा के एक साल में 300 से ज्यादा प्रकरण, सबसे ज्यादा आवेदन आउटर वार्ड से

**खास बातें**

- नगर निवेश विभाग ने 4 करोड़ 77 लाख की राशि अधिरोपित की
- आवेदकों ने जमा कराये 2 करोड़ 34 लाख
- फाफाडीह जोन 2 से 39, मोहबाबाजार जोन 8 में 45,अमलीडीह जोन 10 से 45 प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों से अवैध निर्माण को नियमित कराने राजीनामा के तहत एक साल में 334 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें से सबसे ज्यादा आवेदन शहर के आउटर स्थित जोन के वार्डों से हैं। नगर निवेश विभाग ने राजीनामा के प्रकरणों में 4 करोड़ 77 लाख की राशि अधिरोपित की है, जिसमें आवेदकों ने 2 करोड़ 34 लाख रुपये राजीनामा कराने जमा कराये हैं।

शहरभर में हो रहे अवैध निर्माण को राजीनामा के तहत नियमित कराने नियम अनुसार 15 से 20 गुना पेनाल्टी के साथ राजीनामा कराने आवेदन लिये जा रहे हैं। 1 मार्च 2024 से 24 मार्च 2025 तक की अवधि में दस जोन से 334 प्रकरण नगर निवेश विभाग को राजीनामा के लिए प्राप्त हुये। इनमें गोगांव, गोंदवारा, भनपुरी, गुढ़ियारी, देवपुरी, डूंडा, बोरियाखुर्द, अमलीडीह, मोवा, सड्डू, कचना सहित अन्य इलाकों से संबंधित जोन में राजीनामा के आवेदन मिले हैं। संबंधित प्रकरणों में राजीनामा के लिए निर्धारित पेनाल्टी के साथ राशि अधिरोपित कर जमा करने मौका दिया गया है। 334 आवेदन के संबंध में राजीनामा के तहत 4 करोड़ 77 लाख रुपये अधिरोपितराशि जमा करने नोटिस दिया है। संबंधित प्रकरणों में नगर निगम को 2 करोड़ 34 लाख ही प्राप्त हो पाए हैं। करीबन 50 फीसदी रकम जमा होना बाकी है।

## आंबेडकर अस्पताल में कम नहीं हो रही मरीजों की दिक्कत रक्त संबंधी विभिन्न जांच के लिए निजी लैब का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की दिक्कत कम होने का नाम नहीं ले रही है। शारीरिक समस्याओं की पहचान के लिए उन्हें रक्त संबंधी विभिन्न जांच के लिए निजी लैब का चक्कर लगाना पड़ रहा है। चिकित्सकों की सैंपल लेकर लैब तक जाने की सलाह पर उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। इसकी वजह मशीन की खराबी सहित रीएजेंट की अनउलब्धता के साथ अन्य तकनीकी दिक्कत है। जरूरी जांच नहीं होने के कारण रोजाना औसतन सौ मरीजों का उपचार लेट हो रहा है। आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने के दावे तो किये जा रहे हैं, मगर उस हिसाब से संसाधनों की बढ़ोतरी की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बेहतर उपचार की आस में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को डाक्टर प्रारंभिक जांच के बाद विभिन्न तरह की जांच कराने के लिए पर्ची देते हैं। इन जांचों के लिए मरीजों को निजी लैब के चक्कर तथा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। रिपोर्ट मिलने में होने वाली देर की वजह से मरीजों की जांच में भी विलंब हो रहा है। इस परेशानी की मुख्य वजह अस्पताल में विभिन्न तरह की जरूरी जांच की सुविधा नहीं मिल पाना है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक आवश्यक सामान की नियमित सप्लाई नहीं होने की वजह से विभिन्न तरह की पैथोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री संबंधी जांच नहीं हो पा रही है।

### लंबी कोशिश के बाद मिला सामान




अस्पताल में विभिन्न तरह की सर्जरी के दौरान उपयोग में आने वाले सामान की सप्लाई से वेंडरों ने हाथ खड़ा कर दिया था। इसकी वजह उनका पुराना भुगतान लंबित होना था। अस्पताल प्रबंधन की काफी कोशिशों के बाद वेंडरों को पेंडिंग राशि का कुछ हिस्सा दिया गया है, जिसके बाद सर्जरी शुरू हो पाई है। आवश्यक सामान नहीं मिलने के कारण हृदय रोग के साथ अस्थि रोग विभाग के ऑपरेशन भी प्रभावित हो गए थे।

### इस तरह की जांच नहीं हो रही

अस्पताल से जुड़े सूत्रों के अनुसार तीन माह पुराने शुगर की रिपोर्ट बताने वाले एचबीए-1 सी, विटामिन-डी, हार्ट अटैक जैसी स्थिति को पहचानने वाले ट्रोपोनीन-टी, आर्थाराइटिस की एचएलएबी-12. इंसुलिन, आयरन तथा हार्मोंस से संबंधित जांच नहीं हो रही है। इस तरह के टेस्ट के लिए मरीजों को सैंपल लेकर विभिन्न प्रायवेट लैब के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ईशु दीदी की चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस



**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रही राजयोगिनी ब्रम्हा कुमारी ईशु दादी की चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में मनाया गया। समस्त ब्रम्हा कुमारी बहने एवं पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर दादी को श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित किए। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने दादी ने कहा कि गम्भीरता की प्रतिमूर्ति दादी अपनी छोटी सी उम्र में संस्थान से जुड़कर अपना जीवन समर्पित कर दिया और कोषाध्यक्ष की सेवा सम्हालने की निमित्त बनी और अनेकों आत्माओं को सत्य ज्ञान और परमात्मा पिता का सत्य परिचय देकर सच्चा विश्व कल्याण का कार्य किया, आज के दिन सभी ब्रम्हा वत्सो ने मौन में रह कर दादी के विशेषताओं को धारणा करने की प्रतिज्ञा ली।

### दसवीं में खुशी को मिला 95 प्रतिशत

**बागबाहरा।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 5 निवासी खुशी देवांगन ने कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत अंक हासिल किया है। खुशी देवांगन अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वे नजरबंदी देवी स्कूल में पढ़ाई करती थी। उसके 95प्रतिशत अंक प्राप्त होने उन्होंने माता पिता गुरुदेव सहित मित्रो ने हर्ष जताया है।



### बम्हनी स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** शासकीय उमावि बम्हनी विखं महासमुंद का बोर्ड परीक्षा परिणाम हायर सेकेंडरी का 86 प्रतिशत रहा। जिसमें 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 16 द्वितीय और 3 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान पर वाणिज्य संकाय की रेशमा 79.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान विज्ञान संकाय के युवराज ने 77.4 प्रतिशत एवं कला समूह से अंशु 76.4प्रतिशत तृतीय रहे। इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा में शाला का परिणाम 87.5 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 31 द्वितीय श्रेणी में 18 व तृतीय में 03 विद्यार्थी रहे। पूनम 84 प्रतिशत के साथ प्रथम 75.66 प्रतिशत, थनेश्वरी द्वितीय एवं भूमिका 75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। उक्त परीक्षा परिणाम पर संस्था के प्राचार्य जीएस कागजी एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया।

### पहलगाम के पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा

**महासमुंद।** पीएम मोदी ने देश को फिर दिलाया आतंक के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया है, जहां उन्होंने पहलगाम टेरर अटैक का जिक्र करते हुए कहा, 'पहलगाम में हुआ ये हमला, आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है, ये उनकी कायरता को दिखाता है. ऐसे वक्त में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक वाइब्रंसी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था।

# संस्कार समर क्लासेस विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का जिले में बना बड़ा मंचः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित समर क्लासेस के समापन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पिथौरा स्थित गुरु तेज बहादुर धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, समर कैंप की संचालिका सीमा गौरव चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे, पिथौरा एसडीओपी अजीत ओगरे सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की उभरती हुई बाल लोकगायिका आरु साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को कला और गायन के क्षेत्र में प्रेरित किया। उनकी प्रतिभा को सम्मानित करते हुए आयोजन समिति द्वारा उन्हें 'बाल अवार्ड' से सम्मानित किया गया, जो मंच पर उपस्थित अतिथियों के हाथों प्रदान किया गया।

समर क्लास में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने समापन समारोह में छत्तीसगढ़ी, उड़िया, हिंदी और देशभक्ति गीतों पर आधारित मनमोहक नृत्य व गायन प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट से प्रोत्साहित किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि समर क्लासेस जैसे आयोजन बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। इस तरह के प्रयास जिले के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास में मील का पत्थर साबित होते हैं। संस्कार शिक्षण संस्थान इस दिशा में एक प्रेरणादायी कार्य कर रहा है। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि अनुशासन और अच्छे आचरण से ही व्यक्ति जीवन में ऊंचाइयों को छू सकता है।



### गरीब वर्ग के बच्चों को मिला निशुल्क प्रशिक्षण

समर क्लास की संचालिका सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि यह क्लास विगत 45 दिनों से संचालित हो रही थी, जिसमें लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। इनमें से गरीब तबके के बच्चों को पूर्णतः निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बच्चों को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों नृत्य, गायन, चित्रकला, भाषण, लेखन आदि में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों की सेवाएं ली गईं। समापन समारोह में समस्त बच्चों एवं प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र एवं मेडल से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार एवं साहित्यकार संतोष गुप्ता ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पत्रकार गौरव चंद्राकर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राजा बाबू उपाध्याय, विजय गुप्ता, दिलीप निषाद, झनेश साहू, राधेश्याम पटेल, खगेश साहू, रुपेश नायक, नुमेन साहू, सूरज निषाद समेत समर क्लास के विद्यार्थी, उनके अभिभावक और पिथौरा नगर के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## परिणाम : दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 94 प्रतिशत रहा, बारहवीं 100 फीसदी

# नर्रा स्कूल में बोर्ड परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

     

प्रदेश के मुख्यमंत्री के हाथों बुधवार को दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें इस वर्ष शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा का परीक्षा परिणाम गत वर्ष से बेहतर रहा। शाला के परीक्षा प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि वर्ष 2024 में दसवीं का परिणाम 88 प्रतिशत रहा। वहीं इस वर्ष दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 94 प्रतिशत आया। इस वर्ष कुल 93 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें से 50 छात्र प्रथम श्रेणी, 36 छात्र द्वितीय श्रेणी के उत्तीर्ण हुए। शाला स्तर पर कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर भूपेंद्र सोनवानी 82.83 प्रतिशत, द्वितीय मनीष पांडे 80.66 प्रतिशत तृतीय स्थान पर नीलम निषाद 79.8 प्रतिशत रही। बारहवीं बोर्ड परीक्षा में वाणिज्य संकाय में लगातार दो साल से 100 प्रतिशत परिणाम आ रहा है। इस वर्ष शाला स्तर पर प्रथम स्थान पर भी वाणिज्य संकाय की छात्रा जाह्नवी 84.4 प्रतिशत अंको के साथ रही। बारहवीं में द्वितीय स्थान पर दिनेश्वरी 84 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर वेदिका 80प्रतिशत अंको के साथ रही। बारहवीं का कुल परिणाम 95.6 प्रतिशत रहा। शाला में विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष टेकराम पटेल, विधायक प्रतिनिधि विजय शंकर निगम, सरपंच निमेश्वरी दीवान, उपसरपंच पटेल, प्रवेंद्र दिवाकर, किरण यदु, रूपेंद्र साहू, आशीष गुप्ता, शेख फरीद, दिनेश यादव सहित ग्राम वासियों ने हर्ष व्यक्त किया। रभारी प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी, व्याख्याता भूपेंद्र पड़ियार, पन्नालाल साहू, तुलाराम दीवान, नीलिमा भोई, शिक्षक कामता प्रसाद साहू, दुर्गेश चंद्राकर, जयंत साहू, अरविंद ठाकुर, लेखमणि पटेल, कौशल चक्रधारी, कुसुम साहू, पायल तिवारी ने शुभकामनाएं दी है।

# हाईस्कूल रोहिना का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाई स्कूल रोहिना का दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। जिसमें पांच छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल की। कामिनी राणा ने 77.5 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम एवं नेहरू बारिक 68प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2023 में भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत एवं वर्ष 2024 में 94 प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने के बाद इस वर्ष छात्रों को मिली शानदार सफलता उत्साह को बढ़ाने वाला है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेपाल साहु ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत एवं स्कूल के प्रति समर्पण के चलते लगातार उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देखने को मिल रहा है। व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा इस वर्ष बढ़ते कदम के नाम से एक अभिनव पहल करते हुए साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट परीक्षा लिया गया जिसका सकारात्मक प्रभाव छात्रों पर पड़ा। साथ में स्कूल में वर्ष भर सहसंज्ञानात्मक गतिविधियां संचालित की गई, जिसका सुखद परिणाम देखने को मिला। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया गया। जिसके चलते परीक्षा को लेकर छात्रों में झिझक एवं भय दूर हुआ। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया बीआरसीसी डॉ पूर्णानंद मिश्रा, एबीईओ बद्री विशाल जोल्हे, विनोद कुमार शुक्ला, लोकेश्वर कंवर एवं संकुल प्रभारी पी एन ठाकुर, संकुल समन्वयक संतलाल चौहान एव एसएमडीसी अध्यक्ष नेपाल साहू, सरपंच धनुर्जय मरकाम, व्याख्याता क्रांति कुमार साहू, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, सियाराम साहू, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा, प्रधान पाठक अनिल पटेल एवं शिक्षक एसके पटेल आदि ने हर्ष जताया है।

# भारतीय प्रशासनिक सेवा में जानें के इच्छुकः सौम्या

## फिर एकलव्य स्कूल अर्जूणा की छात्रा टाप टेन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अंचल के ग्राम बलौदा की बेटी सौम्या भोई ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 94.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर ग्राम बलौदा का नाम रोशन किया है। ज्ञातव्य हो कि ग्राम बलौदा का भोई परिवार शिक्षक परिवार के नाम से प्रतिष्ठित है। सौम्या शिक्षक पुरंजय भोई एवं गृहणी कुसुम भोई की सुपुत्री हैं। उनके दादा गजेंद्र नाथ भोई सेवानिवृत्त आर्मी मैन हैं। आरंभ से ही प्रतिभाशाली छात्रा सौम्या अर्जुंडा के एकलव्य अंग्रेजी विद्यालय में अध्ययनरत है। परिणाम के बाद वह अंग्रेजी और विज्ञान के प्राप्तांकों से असंतुष्ट है और पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहती है। पढ़ाई के अलावा उसकी रुचि चित्र कला में भी है। गणित विषय में रुचि रखने वाली सौम्या संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देकर भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है।

# प्रावीण्य सूची में आरती छठवें, सिमरन सातवें स्थान पर, क्षेत्र को किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमंस सरायपाली अंचल की 2 छात्राओं ने कक्षा 10 वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर अंचल को गौरवान्वित किया है। शाउमा विद्यालय पैकिन में अध्ययनरत छात्रा आरती भोई पिता विक्रम भोई, माता सौदामिनी भोई ने जहां 590 अंक प्राप्त कर 98.33 प्रतिशत के साथ प्रावीण्य सूची में छठवां स्थान बनाया है। वहीं एकलव्य अंग्रेजी माध्यम स्कूल अर्जुंडा में अध्ययनरत छात्रा सिमरन कश्यप, पिता लवकुमार कश्यप, माता अहिल्या कश्यप ने 589 अंक अर्जित कर के साथ मेरिट सूची में सातवाँ स्थान प्राप्त किया है। आज जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित किये गए, सरायपाली अंचल में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरे महासमुंद जिले से केवल दो छात्राओं ने ही मेरिट में स्थान बनाया है और दोनों ही सरायपाली क्षेत्र से हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी, एबीईओ दीवान, बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल सहित अन्य शिक्षकगणों ने घर पहुंचकर छात्राओं को बधाई दी।

### भविष्य में डॉ बनने की चाहत-आरती

आरती भोई ने बताया कि परीक्षा के लिए उन्होंने किसी प्रकार की विशेष कोचिंग या ट्यूशन नहीं लिया था। नियमित रूप से प्रतिदिन घर पर ही 5-6 घंटे पढ़ाई करती थी। वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। जिनके मार्गदर्शन से वह इस विद्यार्थियों को देते हुए कहा मुकाम को हासिल कर पाई। साथ ही आरती ने अन्य कि यदि मन लगाकर घर पर ही नियमित अध्ययन करें तो सफलता के लिए किसी प्रकार के कोचिंग की आवश्यकता नहीं होगी।

### नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की तैयारी -सिमरन

सिमरन कश्यप ने कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए उसने किसी प्रकार की कोचिंग नहीं ली। लेकिन दिन में घर पर ही 5-6 घण्टे अध्ययन करती थी। वह भी भविष्य में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता सहित पूरे परिवार को देते हुए कहा कि उसकी पढ़ाई में माता-वह यहाँ तक पहुंच पाई। पिता व परिवार का भी भरपूर सहयोग रहा है। जिसके कारण सिमरन ने कहा कि सफलता के बारे में अधिक न सोचते हुए केवल मेहनत करते रहें।

# सबसे बड़ा काम किसी का जीवन बचाना है, इसलिए बनूंगी डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



जिले में दसवी में तृतीय रैंक लाने वाली महक अग्रवाल का कहना है कि ज्यादातर होता है कि माता-पिता बच्चों को पढ़ाने की कोशिश करते हैं, लेकिन कई बार बच्चे उस पर पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाते। लेकिन, मैंने अपने माता-पिता के सपने को पूरा करने में जान लगा दी। शायद इसलिए सफल रही और आज वह काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कोई कोचिंग नहीं ली, रात के समय 4 से 5 घंटे पढ़ती थी। महक ने कहा कि मैं आगे चलकर बायोलॉजी लेना चाहूंगी और डॉक्टर बनना चाहूंगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आज के समय में सबसे बड़ा काम किसी का जीवन बचाना है और यदि मैंने किसी एक का भी जीवन बचा लिया तो शायद मेरा जीवन सार्थक हो जाएगा और मां-बाप की थी शिक्षा भी बिल्कुल खरी उतरेगी। महक ने कहा कि मेरे पिता व्यवसायी राजेश अग्रवाल व मम्मी मोनी अग्रवाल के साथ पूरे परिवार को देते हुए उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय दिया।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन




**बागबाहरा।** शासकीय खे.ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.रश्मि मिंज ने कहा कि रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य आपातकाल में आमलोगों की सेवा करना है यह सेवा रक्तदान, प्राथमिक उपचार, असहाय लोगों की सेवा हो सकती है। अतः सभी छात्र -छात्राएं मानवता की सेवा के लिए रेडक्रॉस के उद्देश्य का गांव शहर में प्रसार करें। वरिष्ठ प्राध्यापक शिव गोपाल रात्रे ने विद्यार्थियों को रक्तदान के स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। साथ विद्यार्थियों को युद्ध के समय जनहानि के बचाव के मॉकड्रिल का बचाव का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन गजानंद बुडेक सहायक प्राध्यापक एवं रेडक्रॉस प्रभारी ने किया। इस अवसर पर एकता मक्कड़ आईक्यूएसी इंचार्ज, डॉ.प्यारेलाल सैनी अतिथि व्याख्याता रसायन के साथ स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

# समाधान शिविर भाजपा की सच्ची जनसेवा का प्रमाणः डॉ. खुशबू

**बसना।** नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ.खुशबू अग्रवाल के कहा कि भाजपा, जो हमेशा राष्ट्रहित, जनहित और अंत्योदय की भावना को अपने मूल में रखती है, उसने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम होती है। विष्णुदेव साय का यह निर्णय दर्शाता है कि जब नेतृत्व दृढ़ इच्छाशक्ति, संवेदना और दूरदर्शिता से ओतप्रोत हो, तो शासन लोगों के जीवन का हिस्सा बन जाता है, वह शासन नहीं, सेवा धर्म बन जाता है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार, विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जो समाधान शिविर की पहल की गई है, वह केवल एक प्रशासनिक योजना नहीं, बल्कि जनकल्याण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह शिविर एक माध्यम है, जिसके द्वारा सरकार आम नागरिकों के द्वार तक पहुंच रही है। उनकी समस्याओं को सुनने, समझने और मौके पर ही समाधान देने के संकल्प के साथ। भाजपा हमेशा से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलती रही है, और समाधान शिविर उसी भावना का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

# जयंती पर प्रीति, पंचराम एवं भूपेंद्र को मिला महाकवि सूरदास सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा





फार्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहराखुर्द में महाकवि सूरदास की जयंती पर विविध कार्यक्रम जिला सक्षम संगठन महासमुंद इकाई द्वारा आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रश्मि साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में दिव्यांग मित्र मंडल पिथौरा के संयोजक बीजू पटनायक, वृद्धजन सेवा समिति महासमुंद की संयोजिका एवं जिला महिला आयाम उषा साहू, डॉ. महेंद्र साहू, समाज सेवक दुर्गा वस्त्रकार, शिक्षक अनिल चक्रधारी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों ने हिंदी साहित्य के महाकवि सूरदास और भारत माता की छायाचित्र पर फूल, अक्षत एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सक्षम के जिला संयोजक राजेश कुमार नायक ने सक्षम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित दिव्यांगता उन्मूलन एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण को पूर्ण करने के लिए इकाई द्वारा किये गए प्रयासों की जानकारी दी।

साहित्यकार शशिभूषण सोनी ने सूरदास को हिंदी साहित्य का सूरज दर्शाते हुए उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण किया। विशेष अतिथि शिक्षक अनिल चक्रधारी ने सूरदास का जीवन परिचय देते हुए उनके साहित्यिक अवदानों पर चर्चा करते हुए उन्हें महानतम साहित्यकार कवि एवं गीतकार के रूप में उनकी उपलब्धियों को रेखांकित किया है। विशेष अतिथि बीजू पटनायक ने कहा कि बैसाख शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रतिवर्ष सूरदास जयंती के रूप में मनाया जाता है। सूरदास जयंती मनाने का उद्देश्य उनके साहित्यिक योगदान को जन जन तक पहुंचाना है। सूरदास सर्वश्रेष्ठ कृष्ण उपासक, भक्त एवं साहित्य शिरोमणि थे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यालय की प्रचार्या रश्मि साहू ने हिंदी साहित्य में सूरदास के योगदान को रेखांकित करते हुए सूरदास के जीवन पर प्रकाश डाला है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सक्षम संस्थान द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दृष्टिहीन प्रतिभाशाली लोगों का सम्मान मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। राष्ट्रीय पैरा एथेलेटिक्स चैंपियन एवं योग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दृष्टिहीन शिक्षिका प्रीति यादव, संगीत शिक्षा के लिए दृष्टिहीन गायक शिक्षक पंचराम नेताम एवं शासकीय चंद्रपाल डड़सेना महाविद्यालय पिथौरा में अध्ययनरत एमए अंतिम हिंदी साहित्य के विद्यार्थी भूपेंद्र पटेल को शिक्षा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रेमचंद डड़सेना चंडी खुसरूपाली एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक राजेश कुमार नायक ने किया। इस दौरान विद्यार्थीगण, विद्यालय स्टाफ के शिक्षक एवं कर्मचारी एवं बागबाहरा एवं आसपास के ग्रामीणजन, समाज सेवक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

